**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.12.2022**

# DAINIK JAGRAN

## कुलपति ने किया समाचार पत्र का विमोचन



जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिक विभाग के छात्र एवं कुलसचिव डा.सुनील गर्ग साप्ताहिक हस्त लिखित वाल समाचार पत्र का विमोचन करते हुए • सौ.विवि

**वि., फरीदाबाद:** जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी प्रथम साप्ताहिक हस्तलिखित वाल समाचार पत्र का कुलसचिव डा.सुनील कुमार गर्ग ने विमोचन किया हैं। हिंदी-अंग्रेजी भाषाओं में उक्त समाचार पत्रों को एमजेएमसी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभाग डीन डा.अतुल मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष डा.पवन सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किया। समन्वयक डा.तरुणा नरूला ने विद्यार्थियों को साप्ताहिक वाल अखबार के लिए प्रेरित किया। लेखन और डिजाइनिंग कौशल में अपनी रचनात्मकता दर्शाने के लिए छात्रों को छह समूह में विभाजित किया गया। विद्यार्थी कोर्डिनेटर शोभा और अमित कौशिक ने सभी अखबारों से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक साझा करते हुए बताया कि वाल अखबार को ए-3 साइज शीट पर चिपकाया गया। इसमें समूह अखबार का नाम, पेज सज्जा एवं अखबार की सामान्य डिजाइन, स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम और अन्य कहानियों-चुटकुले, सुविचार एवं चित्रों के माध्यम से संग्रहित किया गया है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.12.2022**

# AAJ SAMAJ

## साप्ताहिक हस्तलिखित वॉल समाचार पत्र का किया शुभारंभ

### जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों की अनूठी पहल, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने किया विमोचन

- कुलसचिव ने की विद्यार्थियों की प्रशंसा

बलदेव कुमार

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी प्रथम साप्ताहिक हस्तलिखित वॉल समाचार पत्र का कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने विमोचन किया हैं। हिंदी-अंग्रेजी भाषाओं में उक्त समाचार पत्रों को एमजेएमसी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विभाग डीन डॉ. अतुल मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। समन्वयक डॉ. तरुणा नरूला ने विद्यार्थियों को साप्ताहिक वॉल अखबार के लिए प्रेरित किया। डॉ. नरूला की देखरेख में उक्त समाचार पत्र छात्रों ने तैयार किए।

लेखन और डिजाइनिंग कौशल में अपनी रचनात्मकता दर्शाने के लिए छात्रों को अलगअ अलग समूहो में बांटा गया। कुल छ समूह बनाकर तीन



समाचार पत्र का विमोचन करते हुए।

कॉपी अंग्रेजी और तीन कॉपी हिंदी की तैयार की गई। विद्यार्थी कोर्डिनेटर शोभा और अमित कौशिक ने उक्त सभी अखबारों से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक साझा करते हुए बताया कि वॉल अखबार को ए3 साइज शीट पर चिपकाया गया। जिसमें समूह अखबार का नाम, पेज सज्जा एवं अखबार की सामान्य डिजाइन, स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम और अन्य कहानियों-चुटकुले, सुविचार एवं चित्रों के माध्यम से संग्रहित किया गया है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने सभी विद्यार्थियों की इस रचनात्मक पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

विभाग डीन डॉ. अतुल मिश्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए उनकी रचनात्मक सोच के लिए जमकर प्रशंसा की। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां मीडिया विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्ति के लिए आवश्यक होती है। न्यूज पेपर की गुणवत्ता एवं अखबार की तमाम रूपरेखा की बारीकियों की जानकारी प्राप्त होती है।

**NEWS CLIPPING:07.12.2022**

# REPCO NEWS

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों की अनूठी पहल

**फरीदाबाद, 6 दिसम्बर (रैपको न्यूज़)।** जि.सी. बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी प्रथम साप्ताहिक हस्तलिखित वॉल समाचार पत्र का कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग ने विमोचन किया हैं। हिंदी -अंग्रेजी भाषाओं में उक्त समाचार पत्रों को एमजेएमसी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विभाग डीन डॉ अतुल मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।



समन्वयक डॉ तरुणा नरूला ने विद्यार्थियों को साप्ताहिक वॉल अखबार के लिए प्रेरित किया। डॉ नरूला की देखरेख में उक्त समाचार पत्र छात्रों ने तैयार किए। लेखन और डिजाइनिंग कौशल में अपनी रचनात्मकता दर्शाने के लिए छात्रों को अलग- अलग समूहो में बांटा गया7 कुल छ समूह बनाकर तीन कॉपी अंग्रेजी और तीन कॉपी हिंदी की तैयार की गई।

विद्यार्थी कोर्डिनेटर शोभा और अमित कौशिक ने उक्त सभी अखबारों से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक साझा करते हुए बताया कि वॉल अखबार को ए3 साइज शीट पर चिपकाया गया। जिसमें समूह अखबार का नाम, पेज सज्जा एवं अखबार की सामान्य डिजाइन, स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम और अन्य कहानियों-चुटकुले, सुविचार एवं चित्रों के माध्यम से संग्रहित किया गया है।

कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग ने सभी विद्यार्थियों की इस रचनात्मक पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। विभाग डीन डॉ अतुल मिश्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए उनकी रचनात्मक सोच के लिए जमकर प्रशंसा की।विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां मीडिया विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्ति के लिए आवश्यक होती है। न्यूज़ पेपर की गुणवत्ता एवं अखबार की तमाम रूपरेखा की बारीकियों की जानकारी प्राप्त होती है।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.12.2022**

# HINDUSTAN

## हस्तलिखित वॉल समाचार पत्र का विमोचन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मंगलवार को पहले साप्ताहिक हस्तलिखित वॉल समाचार पत्र का शुभारंभ हुआ। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने इसका विमोचन किया। इन समाचार पत्रों को एमजेएमसी प्रथम वर्ष के छात्रों ने विभाग डीन डॉ. अतुल मिश्रा और विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किया है।